दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 78 मुरादाबाद 13 July 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पीएम मोदी बोले- शॉर्ट-कट की राजनीति करने वाले कभी नहीं बनाएंगे नए एयरपोर्ट, एम्स और आधुनिक हाईवे





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने झारखंड दौरे के तहत बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर पहुंचे। उन्होंने यहां एयरपोर्ट के साथ 16,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि बाबा धाम आकर हर किसी का मन प्रसन्न हो जाता है। आज हम सभी को देवघर से झारखंड के विकास को गति देने का सौभाग्य मिला है प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं देशवासियों को शॉर्ट-कट की राजनीति से बचकर रहने का आग्रह कर रहा हूं। शॉर्ट-कट की राजनीति करने वाले कभी नए एयरपोर्ट नहीं बनवाएंगे, कभी नए, आधुनिक हाईवेज नहीं बनवाएंगे। शॉर्ट-कट की राजनीति करने वाले कभी एम्स नहीं बनवाएंगे, हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज के लिए मेहनत नहीं करेंगे। पीएम मोदी ने कहा, ‍卐हमारी सरकार गरीब की मुश्किल समझती है, गरीब के सुख-दुख की साथी है। कोरोना के इस कालखंड में, 100 साल की सबसे बड़ी महामारी आई। इस दौरान हमारी सरकार ने गरीब को मुफ्त वैक्सीन से लेकर उसके खाने-पीने तक हर चीज का ध्यान रखा। उन्होंने आगे कहा, आज हमारे देश के सामने एक ऐसी चुनौती आ खड़ी हुई है, जिसे हर देशवासी को जानना और समझना है। ये चुनौती है, शार्टकट की राजनीति की। बहुत आसान होता है लोक लुभावने वादे करके, शार्टकट अपनाकर लोगों से वोट बटोर लेना। मोदी ने कहा, शार्टकट वालों को ना मेहनत करनी पड़ती है और ना ही उन्हें दूरगामी परिणामों के बारे में सोचना पड़ता है। लेकिन ये बहुत बड़ी सच्चाई है कि जिस देश की राजनीति शॉर्टकट पर आधारित हो जाती है, उसका एक ना एक दिन शॉट सर्किट भी हो ही जाता है। कुछ सरकारों के दिल में सेवा भाव नहीं, सत्ता भाव प्रधानमंत्री ने कहा, कुछ सरकारें होती हैं, जिसके दिल में सेवा भाव नहीं, सत्ता भाव भर जाता है। ये सत्ता भाव के कारण जो लंबे समय तक जो सरकारों में रहे, उनकी प्राथमिकता, सत्ता पाना होती है, सेवा कभी उनकी प्राथमिकता नहीं रही। भाजपा की सरकार, एनडीए की सरकार, गरीब की सेवा की भावना से, उनके लिए जी-जान से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि जो परियोजनाएं आज हमने शुरू की हैं, वो झारखंड के विकास को नई गति देने जा रही हैं। हमारे लिए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ये सिर्फ नारा नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि बीते 8 वर्षों में हमने उनको सशक्त किया है, जिनको पहले सिर्फ राजनीतिक नारों में समेट दिया गया था। वो गरीब, वो आदिवासी, वो दलित, वो पिछड़ा, वो बहनें-बेटियां जिनका नंबर हमेशा सबसे अंत में आता था, वो आज हमारी प्राथमिकताओं में पहली पायदान पर हैं। झारखंड दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 किमी लंबा रोडशो पूरा करने के बाद देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने लोकप्रिय बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। झारखंड के देवघर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोडशो शुरू हो गया। इस दौरान भारी संख्या में लोग पीएम का अभिवादन करने के लिए सड़क किनारे खड़े दिखाई दिए। पीएम मोदी ने भी इस दौरान गाड़ी से हाथ निकालकर उनका अभिवादन किया। झारखंड में देवघर एयरपोर्ट समेत के साथ 16,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने रोड शो निकालकर जनता का अभिवादन किया। इस दौरान पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी थी।

## सीएम योगी ने दी 464 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात, बोले- हर शख्स को मिल रहा लाभ



मुख्यमंत्री 464 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया। गोरखपुर में आज 181 विकास कार्यों का लोकार्पण व 27 कार्यो का शिलान्यास हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में विकास की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने शहर से लेकर देहात तक सुदृढ़ सड़कों के संजाल का लोकार्पण किया, तो बाढ़ से निजात के लिए बचाव से जुड़ी कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल लोगों को संबोधित किया। उन्होंने ने कहा कि कल गुरु पूर्णिमा है और गुरु पूर्णिमा से एक दिन पहले गोरखपुर वासियों को 463 करोड़ रुपये की इन परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के लिए हृदय से बधाई देता हूं। विकास हम सबके जीवन में परिवर्तन ला सकता है। इसीलिए चित्रों में अलंकृत विकास की परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाना ही केंद्र और प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। कहा कि बिना भेदभाव के विकास करना समाज के प्रत्येक तबके को इसका लाभ प्राप्त हो सके, प्रत्येक नागरिक के जीवन में इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके, इसी उद्देश्य के साथ केंद्र और प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। लेकिन कानून से खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं है। गोरखपुर क्लब में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब 464 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का तोहफा दिया। वह 298 करोड़ 81 लाख 72 हजार रुपये से अधिक की लागत वाली 181 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व 164 करोड़ 77 लाख 95 हजार रुपये से होने वाले 27 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों से सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों गोरखपुर शहर, गोरखपुर ग्रामीण, पिपराइच, कैम्पियरगंज, चौरीचौरा, सहजनवां, चिल्लूपार, बांसगांव, खजनी को लाभान्वित किया गया है। सर्वाधिक कार्य सड़क व बाढ़ बचाव को लेकर हैं। साथ ही 2.32 करोड़ रुपये से तरकुलहा देवी मंदिर के सुंदरीकरण कार्य व खजनी आईटीआई में 4.35 करोड़ रुपये की लागत से बनी कार्यशालाओं तथा थ्योरी कक्षों का भी लोकार्पण हुआ। मुख्यमंत्री के हाथों जिन विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ, उनमें गोरखपुर विकास प्राधिकरण की 99, लोक निर्माण विभाग की 42, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की 24, बाढ़ खंड की पांच, यूपी सिडको की तीन, यूपीपीसीएल, सीएंडडीएस व बाढ़ खंड दो की दो-दो तथा ड्रेनेज खंड व राजकीय निर्माण निगम की एक-एक परियोजना शामिल है। इसी तरह लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड तीन की 13, बाढ़ खंड दो की सात, ड्रेनेज खंड की छह तथा बाढ़ खंड की एक परियोजना का शिलान्यास हुआ। शिव मंदिर और वहीं पर स्थित रामलीला मैदान अंधियारी बाग के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण कार्यों का भी लोकार्पण करेंगे। मानसरोवर शिव मंदिर को सजाने-संवारने में 6 करोड रुपए खर्च किए गए हैं।

## बारिश के लिए अभी करना होगा इंतजार, ज्ञानवापी पर हिन्दू पक्ष में फूट



वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद श्रृंगार गौरी मामले में हिन्दू पक्ष में फूट पड़ गई है। पांच वादियों में से एक राखी सिंह की तरफ से वकील विष्णु जैन पर मुस्लिम पक्ष को लाभ पहुंचाने समेत कई आरोप लगाए गए हैं। मौसम की बात करें तो अभी मानसून के लिए इंतजार करना होगा। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन दिवसीय दौरे पर मंगलवार को दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे। तीन दिन विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद वह 14 जुलाई को लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। सड़क मार्ग द्वारा गोरखपुर क्लब पहुंच कर 464 करोड़ की 208 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनसभा को संबोधित करेंगे। विभागों के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र देने के साथ मोटराइज्ड ट्राइसाकिल भी वितरित करेंगे। वहीं उ.प्र. विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि प्रदेश की बिजली घरों को आवंटित घरेलू कोयले की मात्रा कम की जा रही है। इस कटौती से अगस्त-सितंबर के महीनों में राज्य के बिजली घरों में कोयले की कमी हो सकती है। आपात स्थिति में यदि चार फीसदी विदेशी कोयला खरीदने की मजबूरी बनती है तो राज्य पर अतिरिक्त करीब 600 करोड़ का भार आएगा। इस अतिरिक्त भार का बोझ राज्य के उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाना चाहिए।

## धनीपुर में स्वास्थ्य विभाग ग्राम पंचायत सचिवालय की नई बिल्डिंग 10 वर्षो से बनी खड़ी है इनमें कोई अभी तक तैनाती नहीं हुई-ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि गांव में धनीपुर में ग्राम पंचायत भवन एवं अस्पताल की बिल्डिंग करीब 10 वर्षो से बनी हुई खड़ी है आज तक इनका कोई समाधान नहीं हुआ है दोनों बिल्डिंग बहुत ही महत्वपूर्ण है एक में ग्राम पंचायत भवन एक में अस्पताल बना हुआ है अधिकारी इन दोनों बिल्डिंगों को बना करके भूल गए हैं न तो नगर निगम ध्यान दे रहा है और नहीं स्वास्थ्य विभाग ध्यान दे रहा है दोनों बिल्डिंगों की हालत काफी खराब भी हो चुकी है अभी तक स्वास्थ्य विभाग की बिल्डिंग में कोई तैनाती नहीं हुई है ग्राम पंचायत भवन में कोई सचिव ना कोई नगर निगम का अधिकारी आज तक नहीं बैठा है भाजपा किसान मोर्चा के



महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने इस संबंध में बहुत पहले अधिकारियों को अवगत कराया था लेकिन अधिकारियों ने इस समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया यह दोनों बिल्डिंग 10 वर्षो से अधिक पुरानी है नई बिल्डिंग है तो नगर निगम ने संपर्क में लिया है और न ही स्वास्थ्य विभाग ने संपर्क में लिया है विभाग इन बिल्डिंगों को बना करके भूल गए ऐसा लगता है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि पानी की टंकी बनी हुई है कम से कम 3 वर्षो से गांव में टंकी से पानी नहीं आ रहा है कनेक्शन भी हो गए हैं पानी की केबल भी पड़ चुकी है पानी भी आने लगा था लेकिन 3 वर्षो से अभी तक गांव को इस टंकी से पानी प्राप्त नहीं हो रहा है 3 वर्ष नहीं बल्कि चार-पांच वर्ष हो गई इस संबंध में अधिकारियों को अवगत भी करा दिया गया था पानी की टंकी की हालत चिंताजनक बनी हुई है इस टंकी से पानी रिश्ता है टंकी खराब हो चुकी है नौटंकी मानक के अनुसार नहीं बनाई गई टंकी खराब हो चुकी है इस संबंध में शिकायतें भी की गई है लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया इन अधिकारियों को यह पता होना चाहिए उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है ऐसा भ्रष्टाचार ऐसी गंभीर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

## तीन लाख से भरा झोला मोटरसाइकिल से उतार ले उड़े टप्पे बाज

पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जालौन- दिनदहाड़े बीच बाजार तीन लाख रूपये से भरा थैला लेकर रफूचक्कर हुये टप्पेबाज जनपद-जालौन






कोंच के सर्राफा बाजार नझाई बाजार बाइक पर टंगे थैले को उतार भागे टप्पेबाज रिटायर शिक्षक राजेन्द्र सिंह निरंजन पुत्र रामचरन हुये वारदात का शिकार इंडियन बैंक से जरूरत के लिए तीन लाख की रकम लेकर जा रहे थे घर,बाजार मे खरीदारी करते समय हो गए वारदात का शिकार बीच बाजार दुकान पर झाड़ू खरीदना पढ़ा महंगा दुकानदार को जेब से पैसे देने लगे तभी हुई टप्पे बाजी वारदात के शिकार रिटायर शिक्षक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जुझारपुरा के रहने वाले सूचना पर पहुंची 112 डायल पुलिस व कोबरा मोबाइल पुलिस लेकिन हाथ न लगा

कुछ पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से खोजने मे जुटी वारदात को अंजाम देने वाले टप्पेबाजों को ढूंढने में कोंच पुलिस नाकाम, अब देखना यह है कि कितने जल्दी पुलिस को मिलती है कामयाबी या फिर जांच-जांच में टप्पे बाज नहीं आएंगे हाथ

## 22 लीटर कच्ची शराब बरामद



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण ,बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 श्री बलराम सिंह द्वारा थाना इकोना के अंतर्गत ग्राम सेमगढा, रामपुर त्रिभौना गांव में दबिश दी गई, दबिश के दौरान 22 लीटर कच्ची शराब बरामद कर मौके पर 80 किलोग्राम लहन नष्ट की गई एवं तोआबकारी अधिनियम के अंतर्गत दो अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की गई। उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी ने दी है।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना गिलौला का किया आकस्मिक निरीक्षण



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा थाना गिलौला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण करने के साथ-साथ वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारी सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया। थाना पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण कर हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मचारियों से वार्तालाप की गई तथा सभी को बताया गया कि थाने पर जो भी आगंतुक महिलाएं शिकायत लेकर आए उनकी समस्या को सरलता पूर्वक सुना जाए एवं यथाशीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारी सहित संबंधित को अवगत कराया जाए तथा अपने कार्यों/दायित्वों को अच्छी तरह से निर्वहन करें। इसके अतिरिक्त सभी बीट आरक्षियों को बीट व्यवस्था के अंतर्गत जांच हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद करें, उनकी समस्याओं को सुनें, आम जनमानस से मधुर व्यवहार रखा जाए तथा उन्हें प्रेरित करें कि आपके आस-पास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दे। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, बैरक, परिसर आदि का भ्रमण किया गया। इस दौरान अभिलेखों के रखरखाव व परिसर की साफ सफाई व लम्बित माल मुकदमाती वाहनों/मालों के निस्तारण हेतु थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान थानाध्यक्ष गिलौला विशुनदेव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-इकौना श्रावस्ती भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष विजय कुमार ने उप जिलाधिकारी इकौना को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी इकौना को सौंपा है दिए गए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि बरसात न होने के कारण किसानों की फसल सूख रही है सरयू नहर में पानी छोड़ा गया है लेकिन माइनरो में अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया है जिससे हजारों किसान धन रोपाई करने से वंचित हैं अकबरपुर व पिपरी तथा इकौना देहात के रजवाहो समेत ब्लॉक इकौना अंतर्गत सभी रजवाहो/ माइनरो में 3 दिवस के अंदर पानी छोडवा कर टेल तक पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें ऐसा ना होने पर भारतीय किसान यूनियन अपने वेशभूषा, झण्डा, प्रसारण यंत्र के साथ किसी भी समय अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन ,चक्का जाम ,ऑफिस का घेराव ,तालाबंदी, अधिकारियों के शव यात्रा निकालने के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी

## लापता युवती थाने पहुंचकर बोली सर बालिका हूं मैंने शादी कर ली, है, अपने प्रेमी से

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- खैर कस्बा के,मोहल्ला से, एक सप्ताह पूर्व 22 वर्ष युवती लापता हो गई थी सोमवार की देर रात एक लाल जोड़ा में थाने जा पहुंची और में बोली सर मैं बालिग,हू,मैने शादी कर ली, है युवती की यह बातें सुन सभी दंग रह गए युवती ने बताया कि उसका अपहरण नहीं हुआ वो अपनी मर्जी से प्रेमी के संग गई थी अब उन दोनों ने शादी रचा ली है इसके बाद कोतवाली पुलिस की सूचना पर युवती के परिजन भी थाने पहुंच गई युवती को बहुत समझाने का प्रयास किया लेकिन वह प्रेमी के संग जाने,की, जिद पर अड़ी रही शाम, युवती कोतवाली पहुंच गई युवती को आरोपित युवक थाने पर छोड़कर फरार हो गया युवती ने बताया कि वह उसका प्रेमी था परिवार के, लोगों प्यार के खिलाफ थे इसी के चलते हैं दोनों ने शादी रचाई

# मुरादाबाद जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र बिलारी का भ्रमण किया

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- प्रदेश शासन के कृषि तथा कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग के मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही जी ने आज अपने मुरादाबाद जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र बिलारी का भ्रमण किया एवं कृषि गोष्ठी में कृषकों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार कृषि के चहुंमुंखी विकास एवं किसानों की उन्नति एवं खुशहाली हेतु कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय में अपेक्षित वृद्धि हेतु निरन्तर प्रयत्नशील है तथा इस दिशा में अनेकों अभूतपूर्व कदम उठाये गये है, जिनका सकारात्मक प्रभाव धरातल पर परिलक्षित भी हुआ है। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने बिलारी में ही आयोजित सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (ेंडाम) आत्मा योजनार्न्तगत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अन्नदाता किसान को सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए प्रदेश सरकार ने अनेक क्रान्तिकारी कदम उठाये हैं, जिनमें मृदा प्रशिक्षण से लेकर समय पर खाद बीज और वैज्ञानिक सलाह के साथ-साथ अनुदान के माध्यम से कृषि को लाभकारी बनाने की कवायत शामिल है। शासन के संवेदनापूर्ण निर्णय से गन्ना का मूल्य बढ़ाने जैसे कदम उठाये गये हैं, जिनसे किसानों को राहत मिली




है। कृषि के नवोंन्मेशी कार्य के तहत दलहन, तिलहनी फसलों के साथ फ्रूट तथा सब्जियां एवं पुष्प व सुगन्धित पौधों की खेती को प्रोत्साहित कर समृद्ध किसान, समृद्ध प्रदेश का सपना साकार हो रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि गन्ना सर्वेक्षण के दौरान किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए टोल फ्री कॉल सेन्टर संचालित है तथा कृषि उत्पादों का निर्यात बढाने की भी सार्थक पहल सरकार द्वारा की जा रही है। इसके अतिरिक्त जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा किसानों को सोलर पम्प पर 70 फीसद अनुदान तथा धान खरीद के लिए भी समर्थन मूल्य घोषित किया गया है, जिससे हमारे किसान दिनप्रतिदिन खुशहाल हो रहे हैं। इस अवसर पर कृषि, भू संरक्षण, गन्ना, कृषि रक्षा, उद्यान, पशु चिकित्सा, मत्स्य, सहकारिता, मण्डी, मृदा, मृदा परीक्षण, यू0पी0 एग्रो, लीड बैंक, नावार्ड, नलकूप, सिंचाई, विद्युत इफको, कृभको, पीसीएफ, सहकारी बैंक, पीसीडीएफ, के0बी0के0 बिलारी एवं ठाकुरद्वारा आदि विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉलों का आयोजन किया गया तथा किसानों को विभिन्न संचालित योजनाओं के संबंध में लाभकारी जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री वल्देव सिंह औलख, एमएलसी श्री जयपाल सिंह व्यस्त, श्री सतपाल सैनी, सहित श्री गोपाल अंजान, जिला पंचायत अध्यक्षा डा0 शैफाली सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन के अतिरिक्त विधायकगण, जनप्रतिनिधि, एवं अधिकारीगण तथा भारी संख्या में कृषकगण एवं आम जनता उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नगर विकास/डूडा विभाग की बैठक सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज कलेक्टेऊट सभागार में नगर विकास/डूडा विभाग की समीक्षा करते हुए जनपद की सभी नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को पीएम स्वनिधि के अन्तर्गत आवंटित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाभार्थी के केवाईसी के साथ ही पीएम स्वनिधि में पैसा जमा करते रहें, इसके लिए प्रयास किया जाये। जिलाधिकारी ने 15वें वित्त एवं राज्य वित्त आयोगो के अन्तर्गत नगर पंचायतों एवं नगर पालिका परिषदों द्वारा कराये जाने वाले विकास कार्यो हेतु अनुमोदन प्रदान कर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पंचायतों को साफ-सुथरा रखा जाये तथा कहीं पर भी जलभराव न हों इसके लिए बेहतर उपाये किए जाये। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में कूडा अधिक समय तक न पडा रहें इसके लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सुरेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी बिलारी एवं सदर, सहित समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत, ठाकुरद्वारा, पाकबडा, अगवानपुर, उमरी कला, आदि नगर पंचायतों के चैयरमैन एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, एलबीसी नावेद सिद्दीकी उपस्थित रहें।

# श्रावण माह : डायवर्जन प्लान देखकर ही बनाएं बाहर जाने का प्रोग्राम

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- श्रावण माह 14 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। कांवड़ियों को आने-जाने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है। श्रावण माह में यदि आप बाहर जाने का प्रोग्राम बना रहे हैं तो कृपया डायवर्जन प्लान देखकर घर से बाहर निकलें। वरना परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बरेली से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन मिलक, शाहबाद, बिलारी, सिरसी, सम्भल, गवां, नरौरा, डिबाई, शिकारपुर, बुलन्दशहर, हापुड़, गाजियाबाद होकर दिल्ली पहुचेंगे तथा रामपुर से मुरादाबाद की ओर आने वाली रोडवेज बस शाहाबाद, बिलारी, कुन्दरकी होते हुए अस्थाई बस स्टैण्ड पंडित नंगला बाईपास कटघर पहुंचेंगी तथा इसी मार्ग से वापस होकर रामपुर जायेंगी तथा अन्य भारी वाहन इसी मार्ग से होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे। मुरादाबाद से दिल्ली एवं मेरठ की ओर जाने वाली रोडवेज बसें अस्थाई बस स्टैण्ड पंडित नंगला बाईपास कटघर से बिलारी, सिरसी, सम्भल, गवां, नरौरा, डिबाई, शिकारपुर, बुलन्दशहर, हापुड़, गाजियाबाद होकर दिल्ली पहुंचेंगी तथा इसी मार्ग से वापस आयेंगी। इसी मार्ग से दिल्ली की ओर जाएंगे तथा मेरठ जाने के लिए वाया हापुड़-मेरठ जायेंगे एवं इसी मार्ग से वापस आयेंगे । अमरोहा से रामपुर, बरेली की ओर जाने वाले वाहन कैलसा, बागड़पुर, डींगरपुर तिराहा पाकबड़ा से डींगरपुर, कुन्दरकी, बिलारी, शाहाबाद होकर रामपुर पहुंचेगें तथा इसी मार्ग से वापस आयेंगे। मुरादाबाद से बिजनौर, हरिद्वार जाने वाले भारी वाहन/बसें काशीपुर तिराहा से ठाकुरद्वारा, जसपुर( उत्तराखण्ड ), अफजलगढ़, धामपुर होते हुए जायेंगे तथा इसी मार्ग से वापस आयेंगे।

# आरक्षी कर्तव्यनिष्ठा एवं मुस्तैदी से कुशलतापूर्वक अपने दायित्वों का निवर्हन करें-डीएम

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- 23वीं वाहिनीं पीएसी मुरादाबाद में आरक्षी पीएसी आधारभूत प्रशिक्षण 2022 के दीक्षान्त परेड समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने प्रतिभाग किया और 6 माह का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर अपने सम्बोधन में जवानों से कहा कि आज से आपका दायित्व बदल गया है। निश्चित रुप से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आपने काफी अनुभव प्राप्त किए होंगे, तमाम चीजें सीखी होंगी। उन्होंने कहा कि जैसे सीखने की प्रक्रिया जिदंगी में कभी खत्म नही होती। आप आगे भी सीखते रहेंगे, यह एक सुअवसर आ गया है, जब आप इस सेवा में आ गये हैं। उन्होंने कहा कि यह गौरवशाली इतिहास रहा है कि आम जन मानस का आपके प्रति अत्यधिक आत्मविश्वास बना रहता है। उन्होंने कहा कि इस आत्मविश्वास को जनता के प्रति बनाये रखें। अपने माता-पिता की उम्मीदों पर खरा उतरे, चूंकि आपके माता-पिता एवं भाई-बहन का आपको यहां तक पहुंचाने में बहुत बडा योगदान रहा है। जिलाधिकारी ने आरक्षियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज से आपका दायित्व बदल गया है तथा



आशा व्यक्त की कि जो उम्मीदें आपसे हैं उन पर खरा उतरेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि आप अपने माता-पिता का ही गौरव नही हैं बल्कि पूरे राष्ट्र एवं देश का गौरव हैं। जिलाधिकारी ने जवानो का आह्वान किया कि वह पूरी कर्तव्यनिष्ठा एवं मुस्तैदी से अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निवर्हन कर सच्ची समाजसेवा एवं जनसेवा करें।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Less loss

The crisis in Sri Lanka is unprecedented and tragic. Till a few years ago, it was counted among the happiest countries of the world. In some social parameters, this small country has been ahead of India. Sri Lanka has never been seen in such trouble even in the era of terrorism. On July 9, people would gather at Rashtrapati Bhavan to protest,

it was already feared. For the rest of the week, people engaged in one way or the other were able to express their mind completely on Saturday and Sunday only. So on this Saturday, it was as if people had decided that they had to reach Rashtrapati Bhavan and take their resignations. Seeing the danger,

President Gotabaya had already left, so people occupied the Rashtrapati Bhavan in a way after a brief skirmish with the security personnel. The world was stunned to see this side of the riot or rebellion, but the manner in which the prime minister's private residence was set ablaze late in the evening raised concern. On July 10, the police became active and the army has also started coming forward. While the assertiveness of the military officers to control the insurgency seems natural on the one hand, on the other hand, there is also concern that this country may enter a new era of violence. Restraint is the need of the hour in Sri Lanka, but it does not fulfill the needs of the people.

There is a need to understand the wishes and expectations of the people. Gotabaya Rajapaksa also realizes this, because if he had ordered the army, the army would not have allowed the protesters to occupy the Rashtrapati Bhavan on July 9. Sri Lanka has seen bloodbath before, but the restraint that Gotabaya showed early on to avoid violence deserves some appreciation. They still have the responsibility and will continue to do so that there should be peace in the country. If he has contributed in removing the country from terrorism, then he should not leave his post by putting the country in new violence or disturbance.

At present, the army in Sri Lanka should play its role only till law and order is restored. Police and army should be instructed to ensure that the misadventure of anti-social elements does not increase under the guise of demonstration.


People should leave Rashtrapati Bhavan, it should be ensured that no public or private property is damaged. America has rightly told the leaders of Sri Lanka, the leaders should remove the discontent of the people as soon as possible. Countries conscious of Sri Lanka should make a concerted effort to provide help only through the International Monetary Fund. Whichever government is formed,

it should make its policies in line with international policies, so that the way for foreign investment and foreign aid is opened. The interim government should include leaders who are bright,

efficient administrators and full of innovation. If an all-party government is formed by bringing in good leaders, then what better thing will happen for Sri Lanka than this? Now all the parties should work together to decide the way forward. Indeed, it is less politics and more work for Sri Lanka.

# Mother did not want Muslim daughter-in-law on Sanjeev Kumar's marriage to Shabana Azmi

His biography was released on Sanjeev Kumar's 84th birthday i.e. 9th July. In this, many unexplored aspects of his life have been revealed. The biography has been co-written by Rita Ramamurthy Gupta and Sanjeev's nephew Uday Jariwala. Sanjeev Kumar is called Unlucky in love. Many girls came in his life, but by the time he got married, things got worse. The story of his love with Hema Malini is famous. He also liked Saira Banu, Nutan and Shabana Azmi very much but the marriage could not take place. If the mother had not come in between, she would have got married – Sanjeev Kumar's biography has been launched recently. The stories of his personal life written in it are in the headlines. His relation with Shabana Azmi is also mentioned in the book. It has been told that if Sanjeev Kumar's mother had not come in between, he would have married Shabana Azmi. The 1979 interview of Sanjeev Kumar has been taken in the biography. He gave this to Stardust magazine.“ Had to get married, had to leave the house- Sanjeev had said, I knew Shabana longer than any girl in the film line. I had earlier worked on stage with his mother Shaukat as well. I knew Shabana since she was not even in films. His love for me at that time may have been childish, but we would have been married had my mother not been adamant on refusing. My mother could have tolerated everything but was adamant on not bringing a Muslim daughter-in-law. If I had married Shabana, I would have had to leave the house and I could not do that.



# Saiee of 'Gum Hai Kisi Ke Pyaar Mein' to be a part of dance reality show! Will take on Nikki Tamboli

Actress Ayesha Singh of 'Gum Hai Kisi Ke Pyaar Mein' is counted amongst some of the most popular and demanding stars of TV. It is reported that Ayesha Singh is also going to join the dance reality show Jhalak Dikhhlaa Jaa 10 as a contestant. The 10th season of this celebrity dance reality show is coming after a gap of 5 years and it is reported that Ayesha Singh, who plays the character of Sai, will come in this show to compete with the rest of the contestants. Ayesha Singh will compete with Nikki Tamboli - The news of TV actress Nikki Tamboli, who was earlier a part of shows like Bigg Boss and Khatron Ke Khiladi, has been blown up. Talk about Ayesha Singh, she is an expert in dancing and many times she keeps sharing pictures or videos while doing her dance on social media. It will be very interesting for the audience to see him being a part of the show. Recently, there was a lot of discussion about one of his photoshoots. Jhalak Dikhhla Jaa will see a different avatar- Let us tell you that Ayesha Singh's show 'Gum Hai Kisi Ke Pyaar Mein' remains within the top 10 in terms of TRP. The show has been entertaining the audience for the past several years and it is believed that Ayesha Singh, who has become a household name through this show, will be seen flaunting her completely different avatar in 'Jhalak Dikhhla Jaa'. Will Ayesha leave 'Pyaar Mein'? - The viewers of the TV show 'Gum Hai Kisi Ke Pyaar Mein' are very angry with the makers these days. Because the surrogacy track has been stretched excessively in the show and too much drama has been shown in it. The audience is finding this line of the show very strange which is not looking relatable in any way. There is also a concern among the fans of the show that if Ayesha will appear in Jhalak Dikhhla Jaa, will she leave the show?





# सपा नेताओं के मैरिज होम पर चला बुलडोजर, प्रशासन ने डेढ़ करोड़ रुपये जुर्माना भी लगाया


निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- सपा नेता पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव और उनके भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव के जैथरा कस्बा स्थित मैरिज होम को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। यह मैरिज होम सरकारी बंजर जमीन पर बना था। प्रशासन ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए करीब 2180 वर्ग मीटर सरकारी जमीन को मुक्त कराया गया। साथ ही सरकारी जमीन के उपयोग को लेकर डेढ़ करोड़ रुपये जुर्माना भी ठोंका गया है। सपा नेताओं ने अपनी पत्नियों के नाम विकासखंड कार्यालय के पास जमीन के बैनामे कराए और आरएस मैरिज होम का निर्माण कराया था। इसमें से 2180 वर्गमीटर सरकारी बंजर जमीन कब्जाने का आरोप है, जिसका



मुकदमा तहसीलदार न्यायालय में चला। तीन जेसीबी मशीन से हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई बेदखली का आदेश जारी होने के बाद सोमवार को एसडीएम मानवेंद्र सिंह, तहसीलदार राकेश कुमार त्यागी, सीओ राजकुमार सिंह, नायब तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर पूरे अलीगंज सर्किल के पुलिसबल सहित वहां पहुंचे। तीन जेसीबी मशीन से ध्वस्तीकरण कार्रवाई शुरू करा दी गई। बंजर जमीन वाले हिस्से पर हॉल बना हुआ था और मुख्य द्वार था। इसे ध्वस्त करा दिया गया। सडीएम मानवेंद्र सिंह ने बताया कि सरकारी बंजर जमीन को घेरकर मैरिज होम का एक हिस्सा बना लिया गया था। तहसीलदार न्यायालय में सुनवाई के दौरान बेदखली का आदेश हुआ। इसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। साथ ही आरोपियों पर जुर्माना लगाया गया है। विधायक निधि गबन में भी फंसे हैं पूर्व विधायक अलीगंज के पूर्व विधायक सपा नेता रामेश्वर सिंह यादव पर विधायक निधि के गबन के मामले में मुकदमा दर्ज हो चुका है। विधायक रहते हुए भाई के विद्यालय के नाम 35 लाख रुपये की निधि जारी कर गबन करने के आरोप में रामेश्वर सिंह के खिलाफ बीते दिनों थाना जसरथपुर में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसमें उनके भाई पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामनाथ सिंह यादव को भी नामजद किया गया है।

# सावन का महीना हिन्दू समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है-अरविन्द सिंह चौहान



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -। विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन शाम 7बजे शान्ती पर किया गया बैठक की अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने की। बैठक में कांवड़ यात्रा को लेकर विचार विमर्श कर आगे की रणनीति बनाई। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री चौहान ने कहां कि कांवड़ यात्रा 14 जुलाई से प्रारम्भ होने जा रही है तथा सावन का महीना हिन्दू समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है क्योंकि सावन मास देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना का माह माना जाता है। लेकिन फिर भी अन्डे,मीट, विरयानी के ठेले जनता दुर्गा मंदिर के सामने रेलवे रोड पर लगते हुए दिखाई देते है तथा देखने में आया है कि अन्डे के ठेलों पर लोग शराब भी पीते हैं तथा सड़कों पर लड़ते हैं तथा गाली गलौज करते हैं, जिसको विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा। जब कि मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट आदेश है कि सावन के महीने में मीट, अन्डे, बिरयानी, आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी लेकिन फिर भी खुलेआम बिकता है। श्री चौहान ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे जनपद में सावन के पूरे महीने मीट की दुकानों तथा अन्डे, बिरयानी आदि के ठेलो पर प्रतिबंध लगाया जाये तथा कड़ाई से पालन कराया जाये अन्यथा की स्थिति में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन होगी। बैठक में,सुनील चौहान, विजु राठौर, हरीश प्रताप सिंह,निशा चौहान, आशीष कुमार, आदि उपस्थित थे।

# लोकायुक्त के आदेश के बाद भी दबी घोटाले की जांच, फिर हुई शिकायत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा के शीतलपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव न्यौराई में ग्राम पंचायत के खाते से करोड़ों रुपये के घोटाले की शिकायत लोकायुक्त को की गई। इसकी जांच के आदेश लोकायुक्त ने जारी किए। डीएम ने दो सदस्यीय समिति बना दी। लेकिन इसके बाद भी जांच दब गई। इसी पंचायत में नगला समल के रहने वाले हुक्म सिंह ने 19 अगस्त 2021 को लोकायुक्त लखनऊ को शिकायत प्रस्तुत की। बताया कि ग्राम पंचायत में शौचालय, इंटरलॉकिंग, सोलर लाइट, हैंडपंप, तालाब आदि के कार्यों में ग्राम विकास अधिकारी मुनेश कुमार गुप्ता ने करोड़ों रुपयों का घोटाला किया है। इस पर लोकायुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह ने डीएम को पत्र भेज वरिष्ठ अधिकारियों की दो सदस्यीय समिति बनाकर जांच कराते हुए रिपोर्ट 3 मार्च तक रिपोर्ट मांगी। 4 फरवरी का है आदेश यह आदेश 4 फरवरी 2022 को दिया गया। लेकिन जिला प्रशासन ने लापरवाही बरती और 3 मार्च को कमेटी गठित की। इसके बाद भी अभी तक जांच रिपोर्ट नहीं भेजी गई है। इस पर हुक्म सिंह ने लोकायुक्त सचिव को पत्र भेजकर कार्रवाई करने की मांग की है। सीडीओ डॉ. अवधेश कुमार बाजपेयी ने बताया कि डीएम के आदेश पर जांच की गई थी। जिसकी रिपोर्ट सौंप दी गई है। लोकायुक्त भेजी गई या नहीं, यह जानकारी नहीं है।


## कावड़ियों के लिए सेवा शिविर लगाने हेतु अनापत्ति प्राप्त करें-एडीएम प्रशासन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन आलोक कुमार ने सूचित किया है कि 14 जुलाई 2022 से प्रारंभ हो रहे श्रावण मास में आयोजित होने वाली कावड़ यात्रा, आगामी पर्व के दृष्टिगत जनपद में धारा 144 लागू है। जो भी व्यक्ति, सेवा समूह अपनी ओर से कावड़ियों के लिए सेवा शिविर लगाना चाहते हैं वह संबंधित उप जिलाधिकारी से सेवा शिविर लगाने हेतु नियमानुसार अनापत्ति प्राप्त कर लें। कांवड़ शिविर पंडाल के लिए चयनित स्थान कावड़ वापसी पर सड़क के बायीं ओर होगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र अलीगढ़ द्वारा किया गया पुलिस कार्यालय के नवनिर्मित मुख्य द्वार का उद्घाटन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र अलीगढ़ द्वारा किया गया पुलिस कार्यालय के नवनिर्मित मुख्य द्वार का उद्घाटन दिनांक 12.07.2022 को रिजर्व पुलिस लाइन एटा में आयोजित दीक्षांत समारोह के उपरांत, पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र अलीगढ़ श्री दीपक कुमार द्वारा, पुलिस कार्यालय एटा के नवनिर्मित मुख्य द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाह, क्षेत्राधिकारी लाइन श्री राघवेंद्र सिंह राठौर, क्षेत्राधिकारी जलेसर श्री इरफान नासिर खान, क्षेत्राधिकारी सकीट श्री सुनील कुमार त्यागी, क्षेत्राधिकारी विक्रांत द्विवेदी, प्रतिसार निरीक्षक श्री हरपाल सिंह, टीएसआई श्री बचान सिंह एवं अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

## आजादी के अम्रत महोत्सव के चलते सीएमओ की कुशल सूझबूझ से अलीगंज सीएचसी पर सिजेरियन से नवजात के जन्म लेते ही हुआ जगंल में मगंल

### समूचे अलीगंज में हर्षोल्लास का माहौल , स्वास्थ्य महकमे को बधाईयां



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.उमेश कुमार त्रिपाठी की कुशल सूझबूझ व जगंल में मगंल करने की सोच को द्रष्टिगत उनके निर्देशन में जिले की सुदूरवर्ती तहसील अलीगंज के मुख्यालय पर संचालित सीएचसी पर आजादी के अम्रत महोत्सव के मध्य गर्भवती महिला का पहली बार सिजेरियन आप्रेशन कर नवजात शिशु का सुरक्षित प्रसव किऐ जाने के बाद समूचे अलीगंज क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल है ! आपको बता दे कि आजादी के बाद से जब से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की नींव रखी गयी है तब से आज पहली बार सरकारी अस्पताल में किसी गर्भवती महिला का सिजेरियन आपरेशन हुआ है ! आज मगंलवार को सीएचसी अलीगंज पर सफलता की सीढियों को बुलन्दियो तक पहुंचाने में जिन्होने अपने हकों का सुधारात्मक प्रयोग करके जिले के अन्दर अलीगंज के नाम को रोशन किया है

उस मेडिकल टीम में सीएचसी के एमओआईसी डॉ.रंजीत सिहं एवं डिप्टी सीएमओ / निश्चेतक डॉ. अभिनव दुबे सहित महिला चिकित्सक डॉ.पवित्रा सिंह व चिकित्साधिकारी डॉ अनुज सिंह मौजूद रहे । आजादी के अम्रत महोत्सव में जिले की अतयंत पिछडी तहसील मुख्यालय पर प्रथम बार सीएचसी पर किसी गर्भवती महिला के नवजात शिशु का सिजेरियन आप्रेशन का शुभारम्भ कराने पर क्षेत्रिय विधायक ठा.सत्यपाल सिहं राठौर , पालिकाध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता राजू व नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मन्डल के अध्यक्ष ठा. अजयपाल सिहं बंटी ठाकुर , महामंत्री पं. विजय दीक्षित सहित गणमान्य लोगों ने सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी सहित उनकी टीम को बधाईयां दी है !

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# समय-सीमा की बैठक सम्पन्न,पंडो जनजाति को शासन से मिलने वाली योजनाओं का लाभ दिलाएं- कलेक्टर



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ली। विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो जनजाति को मिलने वाली सुविधाओं से अवगत हुई उन्होंने राशन कार्ड, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत व्यवस्था, वन अधिकार प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, स्मार्ट कार्ड, शौचालय व्यवस्था, किसान कार्ड, बैंक खाता, सड़क व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंडो जनजाति को शासन द्वारा मिलने वाले योजना का लाभ दिलाने निर्देशित किया। उन्होंने पंडो बहुल क्षेत्र में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने सीएमएचओ को निर्देशित किया। शिक्षा विभाग से जाति प्रमाण पत्र के प्रगति की जानकारी ली एवं समय अवधि में जाति प्रमाण पत्र छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराने निर्देशित किया। उन्होंने खेती किसानी के समय में किसानों को खाद संबंधी परेशानी ना हो इसके लिए उन्होंने सभी कृषि विस्तार अधिकारियों को किसानों से चर्चा कर खाद की उपलब्धता एवं समस्या के संबंध में अवगत कराने निर्देशित किया तथा किसानों को जरूरी जानकारी देने कहा है।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर श्री शिव बनर्जी, पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डीएसपी श्रीमती नंदनी ठाकुर, एसडीएम श्री सागर सिंह, सुश्री दीपिका नेताम एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी को खाद की उपलब्धता की जानकारी ली तथा सभी जरूरी खाद डीएपी, पोटाश, एनपीके, यूरिया आदि की उपलब्धता एवं भंडारण कर वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दी। उन्होंने नगरी क्षेत्र में वन अधिकार पट्टा वितरण संबंधी कार्यवाही ग्राम सभा में पारित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से लगाने की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने आगामी दिनों में वृक्षारोपण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी ली तथा लक्ष्य के अनुरूप पौधे की व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी विभागीय कार्यालयों में भी पौधारोपण की व्यवस्था करने के लिए वन विभाग को पौधे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग से सीमांकन, नामांतरण, त्रुटि सुधार जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने कोविड वैक्सीनेशन के प्रगति के संबंध में जानकारी ली एवं पात्रता अनुसार वैक्सीन लगाने निर्देशित किया तथा 12 से 14 वर्ष के बच्चों को वैक्सीन लगाने के लिए स्कूलों में कैंप लगाने निर्देशित किया। उन्होंने सभी एसडीएम को आरबीसी 6-4 के प्रकरण को समय अवधि में निराकरण करने निर्देशित किया।

# घासी/घसिया समाज की आवंटित सामाजिक भूमि पर सरपंच और तहसील का बाबू लगा रहा ग्रहण

## मुख्यमंत्री के आदेश को दिखाया ठेंगा समाजिक पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सूरजपुर प्रवास के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों से भेंट मुलाकात कार्यक्रम में उनके द्वारा जिले के अंतर्गत विभिन्न समाजिक संगठनों को जिला मुख्यालय के समीप 10त्रराशि में भूमि उपलब्ध कराने संबंधी आदेश तत्कालीन कलेक्टर सूरजपुर को दिया गया था। जिसमें घासी समाज के द्वारा दिनाँक 25.01.2022 को कलेक्टर सूरजपुर को आवेदन दिया गया था जिसमें कलेक्टर सूरजपुर के द्वारा सूरजपुर तहसीलदार को भूमि आवंटन करने संबंधी निर्देश दिया गया था साथ ही समाज के पदाधिकारीयों को तहसीलदार के संपर्क में रहकर कागजी कार्यवाही पूर्ण करने कहा गया तहसीलदार के द्वारा दिनाँक 29.03.2022 को हल्का पटवारी नं.-07 ग्राम नमन्दगिरी को आदेश दिया गया कि घासी/घसिया जाति समाज कार्यालय भवन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के संपादन के लिए भूमि चिन्हांकित कर जाँच प्रतिवेदन करते हुऐ खसरा, नक्शा कि प्रतियाँ प्रस्तुत कर सुनिश्चित करें जिसमें संबंधित पटवारी के द्वारा दिनाँक 13.06.2022 को रिंग रोड( बायपास ) नमदगिरी कंवर समाज को आवंटित सामाजिक भूमि के बगल में 17 डिसमिल भूमि जिसका खसरा नंबर 1284/1 शासकीय गोचर मद से प्रस्तावित कर भूमि चिन्हांकित कर घासी जाति समाज को दिया गया था। उक्त भूमि पर समाज के द्वारा संगठन के नाम का बोर्ड लगाया गया है जिसमें स्पष्ट रूप से घासी समाज हेतु भूमि आरक्षित लिखा हुआ बोर्ड लगा है। तहसीलदार के द्वारा विभागों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु इस्तिहार जारी किया गया तदसंबंध में ग्राम पंचायत सरपंच नमदगिरी से इस्तिहार कि कॉपी लिया गया एवं सभी 6 विभागों से आदेश कि पावती कॉपी भी ले लिया गया है और आदेशित तारीख 13.05.2022 तक किसी भी व्यक्ति के द्वारा आक्षेप/दावा आपत्ति नहीं किया गया जिसके फलस्वरूप घासी समाज के द्वारा यह मान लिया गया कि उक्त भूमि पर अब एकाधिकार केवल घासी समाज का हो गया है सूत्रों को माने तो नमदगिरी के सरपंच और तहसीलदार के ( बड़े बाबू ) जोगेश्वर राजवाड़े के सांठगांठ द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से इश्तिहार समाप्ति तिथि के बाद नियम की धज्जियां उड़ाते हुए जाति विभेद के कारण जमीन नहीं दिया गया जबकि वर्तमान जमीन के अगल- बगल में ही उनके द्वारा दूसरे अलग-अलग समाजों को भूमि आवंटन कर दिया गया। सोच रखने वाले व्यक्तियों के मंसूबों पर कामयाबी दिलाती है या फिर दलित समाज को न्याय दिलाती है

# करणी सेना ने एसपी ट्रैफिक को किया सम्मानित




तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - करणी सेना जिला अध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह के नेतृत्व में आज कई पदाधिकारियों ने बरेली एसपी ट्रैफिक राममोहन से मुलाकात की और उन को अच्छे कार्यों के लिए फूल माला पहनाकर सम्मानित किया, जिला अध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह ने मीडिया को बताया कि जिस तरह से शहर में जाम की समस्या बनी हुई थी उससे बरेली वासियों को काफ़ी हद तक निजात दिलाया है बरेली वासियों को जाम की समस्या से काफी मुक्ति मिल सकी है ठेले खोमचे वालों के लिए भी स्थान दिया जा रहा है पार्किंग की समस्या पर भी काम हो रहा है पुलों के नीचे ऑटो स्टेंड की भूमिका बन रहीं है इसलिए हम इनको आज सम्मानित करने आए हैं पदाधिकारियों में राहुल गुप्ता जिला अध्यक्ष युवा शक्ति करणी सेना अनिल गुरुजी अंकित गजेंद्र चौहान कमल गुप्ता सीकर सिंह देव परमार आदि लोग मौजूद रहे।

# मुसलमान ज्यादा यूज करते हैं गर्भ निरोधक, सीएम योगी के जनसंख्या वृद्धि वाले बयान पर बोले ओवैसी



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर सोमवार को बढ़ती आबादी पर चिंता जताते कहा था कि एक ही वर्ग की आबादी बढ़ने से अराजकता होगी। जनसंख्या का असंतुलन नहीं होना चाहिए। सीएम के इस बयान पर नाराजगी जाहिर करते हुए ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर गर्भनिरोधक का इस्तेमाल मुसलमान ही कर रहे हैं। मंगलवार को हैदाराबाद से सांसद ओवैसी ने सीएम योगी से सवाल करते हुए कहा कि क्या मुसलमान भारत के मूल निवासी नहीं हैं? यदि हम हकीकत में देखें तो मूल निवासी केवल आदिवासी और द्रविड़ लोग हैं। उन्होंने कहा कि बिना किसी कानून के उत्तर प्रदेश में 2026 से 2030 तक वांछित प्रजनन दर हासिल की जाएगी। ओवैसी ने आगे कहा कि उनके अपने ही स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए देश में किसी कानून की जरूरत नहीं है। ज्यादातर गर्भनिरोधक का इस्तेमाल मुसलमान ही कर रहे हैं। 2016 में कुल प्रजनन दर 2.6 थी जो अब 2.3 है। देश का जनसांख्यिकीय लाभांश (डेमोग्राफिक डिविडेंड) सभी देशों से सबसे अच्छा है। आपको बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में बढ़ती आबादी पर चिंता जताते हुए कहा था कि जब बात परिवार नियोजन की हो, जनसंख्या स्थिरीकरण की हो तो हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि जनसंख्या नियंत्रण के प्रयास सफलतापूर्वक जरूर हों, लेकिन कहीं भी जनसांख्यकीय असंतुलन की स्थिति न पैदा होने पाए। ऐसा न हो कि किसी एक वर्ग की आबादी बढ़ने की स्पीड ज्यादा हो और जो मूल निवासी हों, उन पर जनसंख्या स्थिरीकरण की कोशिशों से, इंफोर्समेंट से और जागरुकता प्रयासों से उनकी आबादी को नियंत्रित कर दिया जाए। सीएम योगी ने कहा था कि उत्तर प्रदेश ने बीते पांच वर्ष में बेहतरीन परिणाम दिए हैं। मैटरनल एनीमिया में आज यह 51.1त्र से घटकर 45.9त्र रह गया है। 05 वर्ष में फुल इम्यूनाइजेशन 51.1त्र से बढकर लगभग 70% तक पहुंच गया है। संस्थागत प्रसव की दर जो पहले 67-68% थी, वह आज 84त्र की ओर जा रहा है। मातृ-शिशु मृत्यु दर को नियंत्रित करने की कोशिशों के अच्छे परिणाम मिले हैं। अंतर विभागीय समन्वय और जागरूकता की कोशिशों से प्रदेश अपने लक्ष्यों में निश्चित ही सफल होगा।।